Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम।

क़ौरानिक कोश (पठन क्रम)

(लुग़ातुल्-कुर्आन)

(तिलावत के सिलसिले से)

मूल रचयिता और हिन्दी अनुवाद के संशोधन कर्ता

मौलाना. अब्दुल करीम पारेख

नागपुर-8 (INDIA)

हिन्दी रूपान्तरकार

नन्दकुमार अवस्थी

Printed by

FARID BOOK DEPOT (PVT.) LTD.

422, Matia Mahal, Urdu Market, Jama Masjid,

Delhi - 6 Ph.: 3265406

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम।

क़ौरानिक कोश (पठन क्रम)

(लुग़ातुल्-कुर्आन)

(तिलावत के सिलसिले से)

मूल रचयिता और हिन्दी अनुवाद के संशोधन कर्ता

मौलाना. अब्दुल करीम पारेख

नागपुर - 8. (INDIA)

हिन्दी रूपान्तरकार

नन्दकुमार अवस्थी

Printed by

FARID BOOK DEPOT PVT. LTD.

422, Matia Mahal, Urdu, Market, Jama Masjid,

DELHI-6 Tel :3265406

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

आसान लुग़ातुल कुरआन के उर्दू एडीशन चालीस (40) से भी ज़्यादा बार भारत, पाकिस्तान और बंगला देश में प्रकाशित हो चुके हैं।

इस के अलावा अग्रेज़ी, बंगला, तुर्की और तमिल ज़बानों में कई एडीशन ईश्वर की कृपा से प्रकाशित हो चुके हैं।

इस से पहले इस किताब का हिन्दी अनुवाद छप चुका है परंतु अब इसे संशोधित कर के मूल अरबी शब्दों के साथ नम्बर देकर पुन्हा प्रकाशित किया जा रहा है।

मुल्य : 200/

Printed by

FARID BOOK DEPOT PVT. LTD.

422, Matia Mahal, Urdu, Market, Jama Masjid,

DELHI-6 Tel :3265406

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ संख्या
अभिप्राय	III
भूमिका	V
संकेताक्षरी व पठनविधि	VIII
अक्षरों के उच्चारण संस्थान	IX
अरबी भाषा का प्रारम्भिक व्याकरण - अध्याय 1	1
अध्याय 2	6
अध्याय 3	8
अध्याय 4	14
अध्याय 5	16
अध्याय 6	19
अध्याय 7	21
अध्याय 8	22
अध्याय 9	28
क़ौरानिक कोश सूरतुल् फ़ातिहा	30
पहला पारह	32
दूसरा पारह	82
तीसरा पारह	111
चौथा पारह	137
पाँचवाँ पारह	160

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

छठा पारह 174
सातवाँ पारह 188
आठवाँ पारह 203
नवाँ पारह 216
दसवाँ पारह 229
ग्यारहवाँ पारह 241
बारहवाँ पारह 250
तेरहवाँ पारह 261
चौदहवाँ पारह 271
पन्द्रहवाँ पारह 280
सोलहवाँ पारह 293
सत्रहवाँ पारह 303
अठारहवाँ पारह 312
उन्नीसवाँ पारह 319
बीसवाँ पारह 327
इक्कीसवाँ पारह 333
बाईसवाँ पारह 338
तेईसवाँ पारह 343
चौबीसवाँ पारह 351
पच्चीसवाँ पारह 355
छब्बीसवाँ पारह 361
सत्ताईसवाँ पारह 366
अट्ठाईसवाँ पारह 377
उन्तीसवाँ पारह 384
तीसवाँ पारह 398

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

इस्लामी जगत के विख्यात विचारवंत

हज़रत मौलाना सय्यद अबुल हसन अली नदवी साहब का अनमोल

अभिप्राय

तमाम तारीफ़ अल्लाह के लिए है, सलामती हो उसकी अपने उन बंदों पर जिन के कामों को अल्लाह ने पसंद फ़रमाया पवित्र कुरआन आख़री आसमानी किताब और मानव जाति के नाम अल्लाह का अंतिम सन्देश है और इस दृष्टिकोण से क़यामत तक के लिए आने वाली इन्सानी नस्लों की आख़िरत वाली ख़ुश क़िस्मती और मुक्ति तथा इस दुनिया की कामयाबी इसी से सम्बन्ध रखती है। यदि दूसरे शब्दों में कहा जाये कि समस्त मानव जाति की दीनी (धर्म-संबंध में) और दुनिया की सफलता तथा पूरी मानवता का भाग्य इसी महान ग्रंथ से सम्बन्धित है। इसी लिए इसकी व्याख्या तथा स्पष्टीकरण, इसके अर्थ एवं आशय को बख़ूबी समझना और समझाना तथा इसके चिरकालीन एवं हमेशा क़ायम रहने वाले पैग़ाम की तरफ लोगों को बुलाना और लोगों में इसका प्रचार एवं प्रसार करना एक स्थायी आवश्यकता है।

बड़े भाग्यशाली हैं वे लोग जिनसे पवित्र कुरआन का कोई सेवा-कार्य लिया जाये और इस ख़िदमत को दुनिया में भी सर्वमान्यता प्राप्त हो जाये, तथा पवित्र कुरआन के पढ़ने वालों को इससे फ़ायदा मिले और दिव्य ग्रंथ को समझने में उन्हें कोई कठिनाई न हो।

पवित्र कुरआन की नितांत सेवा करने वालों में एक नाम प्रिय अलहाज मौलाना अब्दुल करीम पारेख साहब का भी है, जिन्हें लोग उनकी दीर्घकालीन सेवा के कारण इस्लाम के निष्ठावान प्रचारक तथा क़ुरआन के आवाहक के रूप में काफ़ी लम्बे समय से जानते हैं और उनके भाषणों से लाभ उठाते हैं, भारत जैसे विशाल देश में मौलाना महोदय के ''दर्से कुरआन'' (क़ुरआन पाठ) ने मुस्लिम नौजवानों तथा आज के शिक्षा प्राप्त युवा देश बंधु वर्ग को काफ़ी प्रभावित किया और उनमें दीन (इस्लाम) का शौक़ तथा क़ुरआन से लगन पैदा कर दी। मौलाना महोदय अपने व्यवसाय तथा कारोबार को सम्भालते हुए आज भी यह दीनी ख़िदमत अंजाम दे रहे हैं।

उनकी किताब ''लुग़ातुल क़ुरआन'' (क़ौरानिक कोश) इसी सिलसिले की एक कड़ी है। जिसकी उन्होंने क़ुरआन को छोटे-बड़े सभी स्तर के लोगों तक पहुँचाने और इससे प्राप्त लाभ को सहज सुलभ बनाने के लिए रचना की थी।

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

इसकी सर्वमान्यता तथा लोकप्रियता का कुछ अनुमान इससे भी होता है कि 15-20 साल की अवधि में इसके क़रीब क़रीब एक दर्जन एडीशन (संस्करण) भारी संख्या में निकल गए। उन्होंने प्रमाणित तथा सनद प्राप्त उर्दू अनुवादों को सामने रखकर हर पारह के कठिन शब्दों का अर्थ प्रसंग अनुरूप किया है। क्रियापदों के सामने उनके मूल धातु भी लिख दिए हैं। अंग्रेज़ी जानने वालों की सहूलत के लिए कहीं कहीं शब्दों के अंग्रेज़ी अर्थ भी बताये गये हैं और किताब के आरंभ में आवश्यकता के अनुसार व्याकरण (GRAMMAR) भी सम्मिलित हैं।

इस प्रकार यह किताब पवित्र कुरआन का मार्गदर्शक तथा ''गाईड बुक'' बन गयी है। यहाँ यह खुलासा करना ज़रूरी है कि कार्य मग्नता के कारण किताब पर सरसरी निगाह डालने का ही अवसर प्राप्त हो सका।

सर्व श्रेष्ठ अल्लाह किताब के रचना कार को इस कार्य के बदले में अच्छा फल प्रदान करे तथा किताब के लाभ एवं लोकप्रियता में और ज़्यादा वृद्धि हो। आमीन !

(हज़रत मौलाना) सय्यद अबुल हसन अली नदवी
नाज़िम (प्रबंधक) नदवा अरबिक कालेज
नदवतुल उलमा-लखनऊ (U.P.)

हिन्दी प्रेमी विद्वानों की सेवा में दो शब्द

हम सब के महाप्रभू संसार के स्वामी अल्लाह की कृपा से इस लुग़ातुल कुरआन का अरबी, अंग्रेज़ी, बंगला, तुरकी, गुजराती तथा तमिल आदि भाषाओं में अनुवाद हो चुका है।

राष्ट्र भाषा हिन्दी में यह पुस्तक पठन क्रम से असल अरबी शब्दों के साथ ''क़ौरानिक कोश'' के नाम से आपको सप्रेम भेंट है।

इस पुस्तक से राष्ट्र भाषा हिन्दी को भी संसार के सर्जक ने अलंकृत किया है। यह भारतवासियों के लिए गौरव की बात है।

अब्दुल करीम पारेख
नागपूर - 8

नन्द कुमार अवस्थी
लखनऊ - 20

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

भूमिका

स्न 1969 ई. की बात है, जब एक लम्बी मुद्दत की मुसल्सल मेहनत के बाद अरबी के साथ-साथ नागरी दोनों रस्मुलख़तों में मत्न (मूलपाठ) देते हुए मय हिन्दी तर्जुमा, कुर्आन शरीफ़ का एडीशन शाया (प्रकाशित) हुआ था। उसका मुल्क के हर ख़ित्ते और हर तबक़े में इस्तिक़बाल हुआ। कुछ दिनों के बाद ये सुझाव भी आने लगे कि अल्फ़ाज़े क़ुर्आनी का नागरी लिपि व हिन्दी में एक कोश (लुग़त) तैयार किया जाये ताकि महज़ हिन्दी तर्जुमा पर मुन्हसिर न रह कर अ़रबी मत्न (मूल पाठ) के अल्फ़ाज़ को भी किसी हद तक समझने का मौक़ा हिन्दी जाननेवालों को हासिल हो।

अ़रबी न जाननेवालों को नागरी रस्मुल्ख़त के ज़रीये जब क़ुर्आन की अ़रबी इबारत की मुसज्जअ़ (अलंकारिक) शैली का दीदार हुआ, तब मुरद्दफ़ और मुक़फ़्फ़ा (अन्त्यानुप्रास और उपान्त्यानुप्रास-युक्त दिव्य) इल्हामी आयतों को देखकर ग़ैर-मुस्लिमों को भी उनको समझने का शौक़ पैदा हुआ। अपनी जगह मैं भी यह ज़रूरत महसूस कर रहा था। अ़रबी न जाननेवालों के लिए जिस तरह क़ुर्आन शरीफ़ के नागरी संस्करण की ज़रूरत का एहसास हुआ, उसी बुनियाद पर यह भी ज़रूरी समझ में आया कि नागरी में एक लुग़त और इब्तिदाई ग्रामर के चन्द क़वाइद व मश्क़ को भी फ़राहम किया जाये।

जनवरी 1975 में श्री विनोबा जी के पवनार आश्रम (वर्धा) में ''नागरी लिपि परिषद'' की रजिस्ट्री की जाने के मुतअ़ल्लिक़ बैठक में शिरकत के लिए मैं गया था। ''नागरी लिपि परिषद'' के सात बुनियादी मेम्बरों में एक मैं भी हूँ। वर्धा से वापसी पर, नागपुर में 'विश्व हिन्दी सम्मेलन' में मदऊ होने व उसमें शरीक होने के मौक़े पर जनाब मौलाना अब्दुल करीम पारेख साहब से भेंट हुई। मौसूफ़ पारेख साहब से मेरी मुलाक़ात बीस-पच्चीस साल पुरानी है, उस वक़्त से जबकि मैंने मौ. अहमद बशीर साहब का हिन्दी तर्जुमा 'श्री प्रभाकर साहित्यालोक, लखनऊ' की जानिब से शाया किया था, और क़ुर्आन शरीफ़ को नागरी रस्मुल्ख़त में लिखने में मैं मश्ग़ूल था। तब से ही पारेख साहब अह्क़र

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

पर मेहरबान हैं। उनसे नागरी व हिन्दी में क़ौरानिक कोश तैयार करने की चर्चा आई, और तब उन्होंने भी उस की ज़रूरत को अहमियत देते हुए मेरी हौसला अफ़्ज़ाई की, साथ ही उर्दू ज़बान व उर्दू रस्मुल्ख़त में अपनी शाया करदा ''आसान लुग़ातुल्-क़ुर्आन'' की एक कापी भी इनायत फ़रमाई। यह लुग़त रदीफ़वार (अकारादि क्रम से) नहीं बल्कि तिलावत (पठन क्रम) के सिलसिले से है। बात तय पाई गई और उन्होंने बखुशी इजाज़त दी कि उसका हिन्दी रूपान्तर तैयार करके शाया किया जाये।

मौलाना अब्दुल करीम पारेख साहब की मौजूदा लुग़ातुल्-क़ुरर्आन (क़ौरानिक कोश) जो तिलावत (पठन क्रम) के सिलसिले से है,

यह एक अमली किताब है। इसको सामने रख कर, साथ ही साथ तर्जुमे वाला क़ुर्आन शरीफ़ पढ़ते जाइये। चन्द माह से ज़ियादा न लगेगा कि आप खुद ब खुद तर्जुमा करने लग जायेंगे। अगर लुग़त के अल्फ़ाज़ हिफ़्ज (कण्ठस्थ) कर लिये जायें और तिलावत (पाठ) शुरू कर दी जाये तो उसके माने आसानी से समझ में आते जायेंगे।

मौजूदा क़ौरानिक कोश (पठन क्रम) छप कर अब नाज़िरीन के पेशे नज़र है। दौरान तबाअ़त, प्रूफ़ का मस्अला जोखिम का था। उसमें दारूल्-अुलूम नदवतुल्-उलमा लखनऊ के मौलाना मुहम्मद हारून रशीद साहब की बड़ी मदद रही। अक्सर प्रूफ़ जनाब पारिख साहब की नज़र से भी गुज़रते रहे, और काम के आख़िरी दौर में डॉ. ख़लीलुल्लाह सिद्दीक़ी ने भी प्रूफ़ों की सेहत की खुसूसन् ग्रामर (आरंभिक व्याकरण) के बाबों में, डॉ. सिद्दीक़ी से बड़ी मदद मिली। मैं इन लोगों का तहेदिल से शुक्रगुज़ार हूँ।

अब काम पायए तक्मील पर पहुँचा। क़ुर्आन शरीफ़ को नागरी एडीशन के ज़रीए पढ़नेवालों को इससे बड़ी मदद हासिल होगी। उनको चाहिये कि सबसे पहले अ़रबी हुरूफ़ के नागरी बदल की वर्णमाला को ज़ेह्ननशीं करें। फिर उनके लिखने-पढ़ने के लिए 'संकेताक्षरी व पठनविधि' का मुतालआ़ करें। मिलती जुलती आवाज़ का धोखा देनेवाले मुश्तबहुस्सौत हुरूफ़ (संदेहपरक ध्वनि वाले अक्षरों) को खूब पहचान लें। वरना अल्फ़ाज़े क़ुर्आनी के माने समझने में ग़लती होगी; मसलन अ़लीम (विद्वान्, तत्वज्ञानी) और अलीम (महादुखदायी) में अ़ैन (अ़) और हमज़ा (अ) के फ़र्क़ से अर्थ का अनर्थ हो जायेगा।

उसके बाद ग्रामर के चन्द क़वाइद दिये गये हैं। आगे देखिये सफहा 1 से 29 तक 9 सबक़ों में जुमलों को बनाने के मुतअ़ल्लिक़ इब्तिदाई तौर पर काफ़ी रौशनी डाली गई है। हर अध्याय में तमाम अल्फ़ाज़ भी याद कर लेने के लिए दिये गये हैं। अगर किसी अ़रबी

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

के आलिम से मदद मिल सके तो बहुत बेहतर होगा। जहाँ तक कोश (लुग़त) का तअ़ल्लुक़ है, उसमें हर पारा के अल्फ़ाज़ व उन के माने एक के बाद एक दिये गये हैं। क़ुर्आन शरीफ़ को सामने रखकर पढ़ते वक़्त जिन अल्फ़ाज़ के माने न मालूम हों, उन्हें लुग़त (कोश) से मिलाते और याद करते जायें, ताकि अगले सफ़हों पर वही अल्फ़ाज़ दुबारा आने पर वे आपके ज़िह्न पर नक़्श साबित हों। कोश में जो शब्द एक बार आ चुके हैं, वे कभी-कभी आगे चलकर दोहरा भी दिये गये हैं ताकि दिमाग़ में ताज़ा होते जायें। कोश में अल्फ़ाज़ कभी तो अपनी असली शक्ल में दिये गये हैं और कभी-कभी क़ुर्आन शरीफ़ में अपने बग़ल के हुरूफ़ से मुतअस्सिर (प्रभावित) होकर जिन शक्लों में तहरीर हैं उन्हीं शक्लों में दे दिये गये हैं। ग्रामर के बाबों से उनको समझने में अक्सर मदद मिलेगी।

अल्फ़ाज़ को कई बार दुहरा देने में एक मंशा और भी है। हर ज़बान में अक्सर एक लफ़्ज़ के माने मुख़्तलिफ़ मुक़ामात पर बदल जाते हैं। मौलाना पारेख साहब ने अपने उर्दू एडीशन में मिसालें तह्रीर फ़रमाई हैं ''मसलन, खाना खाना, ख़ौफ़ खाना वग़ैरा। यहाँ हर जगह 'खाना' का मफ़्हूम जुदा-जुदा है। इसी तरह क़ुर्आन शरीफ़ सूरह बक़र आयत नं. 205 में 'तवल्ला' मुतवल्ली होने के माने में है। लेकिन यही लफ़्ज़ 'तवल्ला' सूरह यूसुफ़ आयत नं. 84 में उसने मुँह फेरा के माने में है। इसी तरह यह लफ़्ज़ दोस्ती करने के माने में भी इस्तेमाल होता है।'' इसलिए मौजूदा कोश में भी अगर किसी लफ़्ज़ के माने कहीं दूसरे हैं, तो उसे दोबारा दे देने का ख़याल रखा गया है।

यहाँ यह तह्रीर मुनासिब होगी कि नागरी के ज़रीए ये सब मेहनतें उन अश्ख़ास के लिए हैं, जो अ़रबी के ज़रीये क़ुर्आन शरीफ़ की तिलावत में बिलकुल लाचार हैं, और अ़रबी सीखने का उनको कोई इम्कान नहीं है। वरना हिम्मत करने पर अ़रबी के ज़रीये पढ़ना नागरी वालों के लिए कुछ बहुत मुशकिल नहीं है। क़ुर्आन शरीफ़ में वे ही अल्फ़ाज़ बार बार इतनी तादाद में आते हैं कि वे जाने पहचाने हो जाते हैं और कोशिश करने वाला थोड़ी मेहनत से भी आसानी से रोज़मर्रा की तिलावत व पठन के लिए लियाक़त हासिल कर सकता है।

मौजूदा क़ौरानिक कोश (आसान लुग़ातुल क़ुर्आन) के नागरी रूपान्तर से अगर कोई फ़ैज़ पहुँचता है तो उसका सबब मौलाना अब्दुल करीम पारेख साहब हैं।

नन्दकुमार अवस्थी
लखनऊ

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

संकेताक्षरी व पठन - विधि

सब जानते हैं कि किसी भाषा को विदेशी लिपि में बिलकुल सही व्यक्त करना नामुमकिन है फिर भी ''अध्याय'' देवनागरी लिपि में अ़रबी आयतों के पठन (तिलावत) के लिए सही रास्ता पेश करता है। हिन्दी और अ़रबी में समान जानकारी रखने वाले विद्वानों ने इस ''संकेताक्षरी और पठन-विधि'' की बड़ी सराहना की है।

ह़ ح	ज ج	स ث	त ت	ब ب	अ ا
स س	ज़ ز	र ر	ज़ ذ	द د	ख़ خ
अ़ ع	ज़ ظ	त ط	ज़ ض	स़ ص	श ش
म م	ल ل	क ك	क़ ق	फ़ ف	ग़ غ
य ے	य ي	ला لا अ	ह ھ	ह ه व و	न ن

अरबी फ़ारसी (देवनागरी वर्ण माला)

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

अक्षरों के उच्चारण संस्थान

अ, ह - हलक़ (कण्ठ) का अगला भाग।

ख़, ग़ - हलक़ का पिछला अन्तिम भाग।

क़ - ज़बान की जड़ और तालू की मदद से 'क़' के स्थान से कुछ कण्ठ की ओर हट कर।

ज़ - ज़बान की बाईं करवट और ऊपर की बाईं दाढ़ों की जड़ की रगड़ से।

र - ज़बान का सिरा और ऊपर वाले सामने के दाँतों के नीचे से 'न' के स्थान से कुछ आगे।

ज़,ज़,स - ज़बान की नोक और अगले दाँतों के किनारे से मिलकर।

स,स़,ज़ - ज़बान की नोक और अगले दाँतों के बीच से निकलते हैं।

अ़ ह् - हलक़ का मध्य भाग।

क - ज़बान की जड़ और तालू की मदद से।

ज, श, य - ज़बान के बीच के हिस्से और तालू के बीच के हिस्से के संयोग से।

ल - ज़बान की नोक और तालू के संयोग से।

न - ज़बान का सिरा और ऊपर के दाँतों के नीचे से मिलकर।

त़, द, त - ज़बान की नोक और ऊपर के दाँतों की जड़ से मिलकर।

फ़्-नीचे के होंठ के अन्दर ऊपर के दाँतों के सिरे जब छूते हैं।

ब, म, - दोनों होंठों के स्पर्श से।

व - दोनों होंठों को समीप लाकर भी 'फ़' की तरह छूना न चाहिए।

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

अ़रबी भाषा का प्रारम्भिक व्याकरण

सबक़ *(अध्याय)* - 1

यहाँ से अ़रबी के क़वाईद (व्याकरण) का कुछ बयान दिया जाता है। लुग़ातुल् क़ुर्आन (क़ौरानिक कोश) हिन्दी के लिए मौज़ूँ साँचे में प्रारम्भिक व्याकरण (ग्रामर) को पेश किया जा रहा है। मंशा यह है कि अ़रबी न जाननेवाले अगर नागरी रस्मुल्खत के ज़रीये क़ुर्आन पढ़ना चाहें तो वे हर पारे को सामने रखकर क़ौरानिक कोश में दिये शब्दों को याद करते जायें ताकि दोबारा वे ही अल्फ़ाज़ आने पर क़ुर्आन की आयतों के पढ़ने समझने में आसानी हो और साथ ही इस आरम्भिक व्याकरण से शब्दों के जोड़ समझने व हिन्दी से अ़रबी, और अ़रबी से हिन्दी के छोटे-छोटे वाक्यों को बना सकने की मश्क़ हो। इसके बाद ज़्यादा शौक़ होने पर अ़रबी ज़बान के या क़ुर्आन के आलिमों से मदद लें। यहाँ तो आरम्भिक मश्क़ (अभ्यास) करने के लिए एक सहारा दिया जा रहा है।

मुब्तदा (प्रारंभ) - Subject, ख़बर (विधेय) - Predicate

हर जुम्ले (वाक्य) में दो हिस्से होते हैं। (1) वाक्य में कर्ता, जिसके सम्बन्ध में कहा जाता है उसको मुब्तदा (प्रारंभ) कहते हैं। यह हमेशा विशेष वस्तु या व्यक्ति के लिए आता है। वस्तु के शब्द को विशेष (मअ्रिफ़ा) बनाने के लिए 'अल्' शुरू में लगाना ज़रूरी है। (2) और जो कुछ कहा जाता है उसको ख़बर (विधेय) कहते हैं। अल्लाह ख़ालिक़ है, मुहम्मद नबी हैं, त़ारिक मुजाहिद है।

इन वाक्यों में अल्लाह, मुहम्मद, त़ारिक मुब्तदा (आरंभ) हैं, और बाक़ी शब्द ख़बर (विधेय) हैं। इन जुमलों की अ़रबी बनाना हो तो हर लफ़्ज़ के आख़िर में ''अुन्'' शामिल कर दीजिये। लेकिन जिस शब्द में ''अल्'' जुड़ा हो जैसे अल+लाह, उसमें बजाय ''अुन्'' के सिर्फ़ 'उ' की मात्रा यानी अल्लाहु रहेगा।

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

طَارِقٌ مُجَاهِدٌ	مُحَمَّدٌ نَبِيٌّ	اَللّٰهُ خَالِقٌ
ताारिकुन् मुजाहिदुन्	मुहम्मदुन् नबिय्युन्	अल्लाहु ख़ालिक़ुन्

कितनी आसान बात है। इस पहले सबक़ के आख़िर में जो अ़ल्फ़ाज़ और उसके मअ़ने दिये गये हैं, उन्हें अच्छी तरह याद कर लीजिये और फिर नीचे लिखे जुमलों का तर्जुमा (अनुवाद) कीजिए :-

اَلْجُنْدُ كَبِيْرٌ	اَلْاِبْنُ صَغِيْرٌ	اَلْعَبْدُ صَالِحٌ
अल्जुन्दु कबीरून्	अल्अिब्नु सग़ीरून्	अल्अ़ब्दु सालिहुन्
خَالِدٌ قَوِيٌّ	حَامِدٌ عَالِمٌ	اَلرَّجُلُ ذَكِيٌّ
ख़ालिदुन् क़विय्युन्	हामिदुन् आ़लिमुन्	अर्रजुलु ज़किय्युन्

पेज नं. 5 पर अरबी शब्दों को याद करके नीचे लिखे जुमलों का अरबी में तरजुमा करें

रास्ता सीधा है, मामूं नेक हैं, घर बड़ा है, दोस्त नेक है, बेटा सच्चा है, भाई अ़िबादतगुज़ार है, ख़ालिद बेटा है, हामिद चचा है।

यह तमाम अल्फ़ाज़ मुज़क्कर (पुल्लिंग) थे, अब मुअन्नस (स्त्रीलिंग) शब्दों की अ़लामत ज़ेहननशीन कर लीजिये। आसान बात यह है कि जिस तरह हम उर्दू में आदमी के लिए ''जमील'' और औ़रत के लिए ''जमीला'' इस्तेमाल करते हैं उसी तरह अ़रबी में भी कोई लफ़्ज़ मुअन्नस (स्त्रीलिंग) हो तो उस की अ़लामत ''गोल त़'' लगा दी जाती है, जैसे :-

صَالِحَةٌ	صَالِحٌ	رَاشِدَةٌ	رَاشِدٌ
सालिहतुन्	सालिहुन्,	राशिदतुन्	राशिदुन्
عَابِدَةٌ	عَابِدٌ	خَالِدَةٌ	خَالِدٌ
आ़बिदतुन्	आ़बिदुन्	ख़ालिदतुन्	ख़ालिदुन्

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

(1) मश्क़ (अभ्यास) कीजीये

اَلْاِبْنُ جَمِيْلٌ	اَلْبِنْتُ جَمِيْلَةٌ	اَلْاَبُ صَالِحٌ	اَلْاُمُّ صَالِحَةٌ
अल्अिब्नु जमीलुन्	अल्बिनतु जमीलतुन्	अल्अबु सालिहुन्	अल्अुम्मु सालिहतुन्
اَلْاَخُ ذَكِيٌّ	اَلْاُخْتُ ذَكِيَّةٌ	اَلْخَالُ ذَكِيٌّ	اَلْخَالَةُ ذَكِيَّةٌ
अल्अखु ज़किय्युन्	अल्अुख़तु ज़किय्यतुन्	अल्ख़ालु ज़किय्युन्	अल्ख़ालतु ज़किय्यतुन्

ऊपर लिख चुके हैं कि किसी लफ़्ज़ में ख़ुसूसियत पैदा करने के लिए ''अल'' इस्तेमाल किया जाता है, ठीक उसी तरह जिस तरह अंग्रेज़ी में *THE* का इस्तेमाल होता है और किसी लफ़्ज़ में ''अल'' के लगा देने से दो पेश (अुन्) लगाने की जगह पेश अर्थात 'उ' की मात्रा लगाई जायेगी।

मिसाल के तौर पर इन शब्दों पर ग़ौर कीजिये बात समझ में आ जायेगी।

حَمْدٌ	اَلْحَمْدُ	اِنْسَانٌ	اَلْاِنْسَانُ
हम्दुन्	अलहमदु	अिन्सानुन्	अल्अिन्सानु
رَسُوْلٌ	اَلرَّسُوْلُ		
रसूलुन्	अर्रसूलु		

(2) मश्क़ (अभ्यास)

اَلرَّجُلُ قَوِيٌّ	رَجُلٌ قَوِيٌّ	اَلْاَبُ صَالِحٌ	اَبٌ صَالِحٌ
अर्रजुलु क़विय्युन्	रजुलुन् क़विय्युन्	अल्अबु सालिहुन्	अबुन् सालिहुन्

ऊपर के जुम्लों में दिखाया गया है कि ''अल'' के लगने से दो पेश (अुन्) की जगह एक पेश (उ की मात्रा) बाक़ी रहती है।

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

ध्यान रखने योग्य बातें :-

1 *मुब्तिदा* (प्रारंभ) और *ख़बर* (विधेय), हर एक पर नागरी में दो-दो पेश (अुन्) लगाया जायेगा।

2 ''अल्'' के इस्तेमाल पर दो के जगह सिर्फ़ एक पेश यानी (उ) की मात्रा बाक़ी रहेगी।

3 मुअन्नस (स्त्रीलिंग) की अ़लामत ''त़'' होती है।

4 पहला लफ़्ज़ यानी मुब्तिदा अगर मुअन्नस है तो उसकी ख़बर भी मुअन्नस होगी। मिसाल के तौर पर -

اَلْاَبُ صَالِحٌ — اَلْاُمُّ صَالِحَةٌ

बाप नेक है : अल्अबु स़ालिहुन्, माँ नेक है : अल्अुम्मु स़ालिह़तुन्

एक ज़रूरी याद देहानी

''प्रारंभ और ख़बर'' का पाठ अल्हमदुलिल्लाह आप ने पढ़ लिया। इस से मिलता जुलता एक छोटा सा पाठ (अध्याय) और याद कर लीजिए जिसे ''प्रशंसित गुण'' या किसी चीज़ वस्तु की विशेष ख़ूबी बताने वाला गुण कहते हैं। हम ने इस पाठ को अलग से नहीं लिखा बल्कि ''प्रारंभ और ख़बर'' के अध्याय के साथ इस की अलग से पहचान करा दी। यह इसलिए कि इस में दोनों शब्दों पर दो-दो पेश (उकार) लगते हैं। और अगर पहले शब्द पर ''अल'' आया तो दूसरे शब्द पर भी ''अल'' आ जायेगा और दो पेश की जगह एक पेश का इस्तेमाल होगा।

लेकिन ''प्रारंभ और ख़बर'' में पहले शब्द पर ''अल'' होगा तो दूसरे शब्द पर ''अल'' नहीं आयेगा। ''प्रारंभ और ख़बर'' और ''प्रशंसित गुण'' दोनों प्रकार के वाक्यों में अगर पहला शब्द स्त्रीलिंग होगा तो दूसरा शब्द भी स्त्रीलिंग होगा और अगर पहला शब्द पुल्लिग है तो दूसरा भी पुल्लिग होगा।

''गुण'', ''तारीफ़''और ''प्रशंसित गुण'' जिस की प्रशंसा की जाए। मिसाल के तौर पर ''बड़ा घर'' इस में ''बड़ा'' गुण है और ''घर'' प्रशंसा है।

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

हम ने विद्यार्थी के लिए आसान (*Short Cut*) तरीके से कुर्आन की अरबी ज़बान सिखाने के उद्देश्य से ''प्रशंसित गुण'' के लिए कुछ इशारे दिये हैं इस पर ग़ौर करें।

सच्चा मुसलमान, नेक आदमी, बड़ी मस्जिद, छोटी किताब, अमानत दार चचा यह सब ''प्रशंसित गुण'' या ''विशेष गुण'' कहलाते हैं। इन शब्दों का अगर अरबी में अनुवाद करना हो तो हिन्दी की तरतीब उलट दीजिए यानी पहले वाला शब्द बाद को और बाद वाला पहले लिखिए फिर दोनों को दो दो पेश लगा दीजिए, उदाहरण ''सच्चा मुसलमान'' का अ़रबी में अनुवाद करना हो तो पहले हिन्दी की तरतीब उलट कर लिखी जाएगी। यानी पहले ''मुसलमान'' की अ़रबी ''मुस्लिमुन'' مُسْلِمٌ फिर ''सच्चा'' की अ़रबी ''सादिकुन'' صَادِقٌ लिखी जाएगी इसके बाद दोनों पर दो पेश लगा दें तो वाक्य यूँ होगा ''मुस्लिमुन सादिकुन''

رَجُلٌ صَالِحٌ مَسْجِدٌ كَبِيْرٌ كِتَابٌ صَغِيْرٌ عَمٌّ اَمِيْنٌ

अ़म्मुन् अमिनुन्, किताबुन् सग़ीरून्, मस्जिदुन् कबीरून्, रजुलुन् सालेहुन्

इन शब्दों को याद करके उद्देश्य और विधेय के वाक्य (जुम्ले) बनाने का अभ्यास कीजिये :-

सादिकुन्	صَادِقٌ	सच्चा	ख़ालिक़ुन्	خَالِقٌ	पैदा करने वाला
अखुन्	اَخٌ	भाई	अ़ब्दुन्	عَبْدٌ	बन्दा
आ़बिदुन्	عَابِدٌ	अ़िबादत करनेवाला	सालिहुन्	صَالِحٌ	नेक
अ़म्मुन्	عَمٌّ	चचा	अिबनुन्	اِبْنٌ	बेटा
अ़म्मतुन्	عَمَّةٌ	फूफी, चाची	सग़ीरून्	صَغِيْرٌ	छोटा
जमीलुन्	جَمِيْلٌ	ख़ूबसूरत (पु.)	सग़ीरतुन्	صَغِيْرَةٌ	छोटी
जमीलतुन्	جَمِيْلَةٌ	ख़ूबसूरत (स्त्री.)	कबीरून	كَبِيْرٌ	बड़ा
बिनतुन्	بِنْتٌ	बेटी	कबीरतुन्	كَبِيْرَةٌ	बड़ी
अबुन्	اَبٌ	बाप	जुनदुन्	جُنْدٌ	लश्कर

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

अुम्मुन्	أُمٌّ	माँ	रजुलुन्	رَجُلٌ	आदमी
अुख़तुन्	أُخْتٌ	बहेन	ज़किय्युन	ذَكِيٌّ	ज़हीन
हम्दुन्	حَمْدٌ	तअ़रीफ	क़विय्युन्	قَوِيٌّ	क़वी
रफ़ीअुन्	رَفِيعٌ	ऊँचा	सि़रातुन्	صِرَاطٌ	रास्ता
दीनुन्	دِيْنٌ	बदला	मुस्तक़ीमुन्	مُسْتَقِيْمٌ	सीधा
मजीदुन्	مَجِيْدٌ	बुजुर्गी वाला	खालुन्	خَالٌ	मामूं
आ़बिदतुन्	عَابِدَةٌ	अि़बादत करनेवाली	ख़ालतुन्	خَالَةٌ	ख़ाला
अिबनुन्	اِبْنٌ	बेटा	बैतुन्	بَيْتٌ	घर
नबिय्युन्	نَبِيٌّ	ख़बर देनेवाला	सदीकुन्	صَدِيْقٌ	दोस्त

सबक़ (अध्याय) - 2

सम्बन्ध कारक - Possessive Case

मुज़ाफ व मुज़ाफ अिलैह

सम्बन्ध कारक में एक तो पद वह होता है, जिस का किसी पर अधिकार होता है, उसको अ़रबी में मुज़ाफ़-अिलैह कहते हैं। हिन्दी में इस श्ब्द के आगे का, की, या रा, री, रे, लगाये जाते हैं। दूसरा पद या शब्द जिस पर मुज़ाफ अिलैह का सम्बन्ध या अधिकार मालूम होता है उसको मुज़ाफ़ कहते हैं।

नीचे लिखे तीनों पदों में पहला शब्द यानी क़ुर्आन का, हूद की और रसूल की, तो मुज़ाफ़-अिलैह हैं; और हुक्म, क़ौम व दअ्वत मुज़ाफ़ हैं।

क़ुर्आन का हुक्म, हूद की क़ौम, रसूल की दअ़वत

इस तरह के अल्फ़ाज़ की अ़रबी बनाते वक़्त हिन्दी क्रम को उलट दीजिये यानी हुक्म पहले और क़ुर्आन बाद में लाइये; और फिर पहले लफ़्ज़ के आख़री हरफ को एक पेश यानी 'उ' की मात्रा और दूसरे लफ़्ज़ के आखिर में दो ज़ेर अर्थात अिन् लगा दीजिये। इस से ''का'' और ''की'' के मअ़ने हो जायेंगे। जैसे :-

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

دَعْوَةُ الرَّسُوْلِ	قَوْمُ هُوْدٍ	حُكْمُ الْقُرْاٰنِ
दअ्वतुर्रसूलि	क़ौमु हूदिन्	हुक्मुल क़ुर्आनि
रसूल की दअ़वत	*हूद की क़ौम*	*क़ुर्आन का हुक्म*

अब इसी क़ाअ़िदे के अधीन अल्फ़ाज़ बनाने के लिए पहले इसी सबक़ में नीचे दिये हुए शब्दों और उनके मअ़ने (अर्थ) याद कर लीजिये। फिर तर्जुमा की मश्क़ कीजिये। ध्यान रखिये जिस शब्द में ''अल'' लगा होगा उसमें दो ज़ेर याने अिन् की जगह एक ज़ेर अर्थात् ''अिन'' की जगह 'इ' की मात्रा लगाइये। जैसे :-

خَلْقُ اللّٰهِ	بَيْتُ اللّٰهِ	عِبَادُ اللّٰهِ
ख़ल्क़ुल्लाहि	बैतुल्लाहि	अ़िबादुल्लाहि
अल्लाह की मख़्लूक़	*अल्लाह का घर*	*अल्लाह के बन्दे*

तर्जुमा (अनुवाद) कीजिये

سُنَّةُ الرَّسُوْلِ सुन्नतुर्रसूलि	كَلَامُ اللّٰهِ कलामुल्लाहि	كِتَابُ اللّٰهِ किताबुल्लाहि
فَضْلُ اللّٰهِ फ़ज़लुल्लाहि	ذِكْرُ الرَّحْمٰنِ ज़िक्रुर्रह्मानि	رَيْبُ الْاِنْسَانِ रैबुल्अिन्सानि
رَحْمَةُ اللّٰهِ रह्मतुल्लाहि	اِقَامَةُ الصَّلٰوةِ अिक़ामतुस्सलाति	يَوْمُ الدِّيْنِ यौमुद्दीनि

اِطَاعَةُ الْوَالِدَيْنِ अिताअ़तुल्वालिदैनि

इन शब्दों की अ़रबी बनाइये

अल्लाह की ज़मीन, लोगों की सर्कशी, आख़िरत का घर, गुन्हगार का खाना, हामिद का घर।

ध्यान रखने योग्य बातें

1 मुज़ाफ़ को अंग्रेज़ी में (Possessed) और मुज़ाफ़-अिलैह को (Possessor) कहते हैं।

2 'के,का, की, मअ़ने (अर्थ) पैदा करने के लिए नागरी लिपि में अरबी लिखते

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

समय पहले शब्द के आख़िरी हरफ़ पर पेश (उ की मात्रा) और दूसरे लफ़्ज़ के आखिर में दो ज़ेर (अिन्) लगाये जाते हैं।

3 ''अल्'' के इस्तेमाल से मुज़ाफ़-अिलैह के नीचे सिर्फ़ एक ज़ेर बाक़ी रहेगा, अर्थात् अिन् के बजाय सिर्फ़ इ (ि) की मात्रा लगाएँ।

अल्फ़ाज़ के मअ़ने (अर्थ)

तुग़्यानुन्	طُغْيَانٌ	सर्कशी	अस्सलातु	اَلصَّلٰوةُ	नमाज़
आख़िरतुन्	اٰخِرَةٌ	आख़िरत			
दारून	دَارٌ	घर	अन्नासो	اَلنَّاسُ	लोगों
असीमुन्	اَثِيْمٌ	गुनहगार			
त़आ़मुन्	طَعَامٌ	खाना	लबनुन्	لَبَنٌ	दूध
ख़ैलुन्	خَيْلٌ	घोड़ा	ब़क़रून्	بَقَرٌ	गाय
वालेदैनि	وَالِدَيْنِ	माँ, बाप	रैबुन्	رَيْبٌ	शक
सुन्नतुन्	سُنَّةٌ	आ़दत, तरीक़ा	अिक़ामतुन्	اِقَامَةٌ	क़ायम करना
यौमुन्	يَوْمٌ	दिन	अित़ाअ़तुन्	اِطَاعَةٌ	अिताअ़त करना
			अर्ज़ुन्	اَرْضٌ	ज़मीन

सब़क (अध्याय) - 3

फ़िअ़ल (क्रिया) - Verb

फ़िअ़ल (क्रिया) का सब़क समझने से पहले नीचे लिखे अ़रबी शब्द और उनके हिन्दी व अंग्रेज़ी माने याद कर लीजिये :-

फ़िअ़ल-क्रिया (Verb); ज़माना -काल (Tense); ज़माना माज़ी-भूतकाल (Past Tense); ज़माना हाल-वर्तमान काल (Present Tense); ज़माना मुस्तक़्बिल-भविष्यकाल (Future Tense); मअ़रूफ-कर्तृवाच्य (Active Voice); मजहूल-कर्मवाच्य (Passive Voice); ग़ाइब-अन्यपुरूष (Third Person);

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

हाज़िर-मध्यमपुरूष (Second Person); मुतकल्लिम-उत्तमपुरूष (First Person); मुज़क्कर-पुल्लिग (Masculine Gender) मुअन्नस-स्त्रीलिंग (Feminine Gender) वाहिद-एक वचन (Singular); तस्निया :- द्वि॰ वचन (संस्कृत में भी होता है); जमा-बहुवचन (Plural)

माज़ी (भूतकाल)

वचन	अनुवाद		पुल्लिग
एक वचन	उस एक ने किया	فَعَلَ	फ़अ़ल
द्वि० व०	उन दो ने किया	فَعَلَا	फ़अ़ला
बहु व०	उन सब ने किया	فَعَلُوْا	फ़अ़लू
एक वचन	तू एक ने किया	فَعَلْتَ	फ़ अ़ल् त
द्वि० व०	तुम दो ने किया	فَعَلْتُمَا	फ़अ़ल्तुमा
बहु व०	तुम सब ने किया	فَعَلْتُمْ	फ़अ़ल्तुम्

वचन	अनुवाद		स्त्रीलिंग
एक वचन	उस एक ने किया	فَعَلَتْ	फ़अ़लत्
द्वि ० व०	उन दो ने किया	فَعَلَتَا	फ़अ़लता
बहु व०	उन सब ने किया	فَعَلْنَ	फ़अ़ल् न
एक वचन	तू एक ने किया	فَعَلْتِ	फ़अ़ल्ति
द्वि० व०	तुम दो ने किया	فَعَلْتُمَا	फ़अ़ल्तुमा
बहु व०	तुम सब ने किया	فَعَلْتُنَّ	फ़अ़ल्तुन्न

एक वचन (*स्त्रीलिंग और पुल्लिग*) मैंने किया		فَعَلْتُ	फ़अ़ल्तु
बहुवचन (*स्त्रीलिंग और पुल्लिग*) हमने किया		فَعَلْنَا	फ़अ़ल्ना

नोट - उत्तम पुरूष में औरत और मर्द एक वचन, द्वि वचन और बहु वचन के लिए एक ही रूप बनता है।

ऊपर टेबिल में तमाम सीग़ों (रूपों) को अच्छी तरह याद करें। लफ़्ज़ 'फ़िअ्ल' यानी 'करना' पर तमाम सीग़ों (रूपों) की ढलाई वज़न के ख़ानों में बताई गयी है।

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

क्रिया के रूप कर्ता के लिंग, वचन, पुरूष और काल के अनुसार बनाये जायेंगे। 'फ़अ़ल' व 'कतब' क्रियाओं (फिअ़लों) के गर्दान याने बदलते रूपों पर ध्यान देकर, दूसरे क्रिया शब्दों पर अभ्यास कीजिये।

अरबी के कुछ क्रिया-शब्द नीचे नागरी में दिये जा रहे हैं। उनको हिफ़्ज़ (काण्ठाग्र) कर लीजिये। फिर 'फिअ़ल' क्रिया के जो रूप ऊपर टेबिल में दिये गये हैं। उन्हीं के मुताबिक इनके रूप भी बनाने की मश्क़ कीजिये। एक शब्द 'क त ब' (लिखना) की गर्दान भी नीचे दे रहे हैं। उसी तरह ''क़ र अ'' (पढ़ना), न स र (मदद देना) वग़ैरा के रूप बनाइये :-

फ़तह	فَتَحَ	खोलना	फ़अ़ल	فَعَلَ	करना
दख़ल	دَخَلَ	दाख़िल होना	कतब	كَتَبَ	लिखना
शरिब	شَرِبَ	पीना	क़रअ	قَرَأَ	पढ़ना
वजद	وَجَدَ	पाना	नस़र	نَصَرَ	मदद देना
कफ़र	كَفَرَ	इन्कार करना	ज़रब	ضَرَبَ	मारना
वस़ल	وَصَلَ	मिलना	त़लब	طَلَبَ	माँगना
ख़लक़	خَلَقَ	पैदा करना	ज़हब	ذَهَبَ	जाना
बअ़स	بَعَثَ	भेजना	क़तल	قَتَلَ	क़त्ल करना
रज़क़	رَزَقَ	रिज़्क़(रोज़ी) देना	जअ़ल	جَعَلَ	बनाना

''कतब'' (लिखना)

वचन	पुल्लिंग		अनुवाद
एक वचन	कतब	كَتَبَ	उस एक ने लिखा
द्वि ० व०	कतबा	كَتَبَا	उन दो ने लिखा
बहु व०	कतबू	كَتَبُوْا	उन सब ने लिखा
एक वचन	कतब्त	كَتَبْتَ	तू एक ने लिखा
द्वि० व०	कतब्तुमा	كَتَبْتُمَا	तुम दो ने लिखा
बहु व०	कतब्तुम्	كَتَبْتُمْ	तुम सब ने लिखा

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

वचन	स्त्रीलिंग		अनुवाद
एक वचन	कतबत्	كَتَبَتْ	उस एक ने लिखा
द्वि ० व०	कतब्ता	كَتَبَتَا	उन दो ने लिखा
बहु व०	कतब्न	كَتَبْنَ	उन सब ने लिखा
एक वचन	कतब्ति	كَتَبْتِ	तू एक ने लिखा
द्वि० व०	कतब्तुमा	كَتَبْتُمَا	तुम दो ने लिखा
बहु व०	कतब्तुन्न	كَتَبْتُنَّ	तुम सब ने लिखा

एक वचन (स्त्रीलिंग-पुल्लिग) कतबतु; كَتَبْتُ मैं ने लिखा
बहु वचन (स्त्रीलिंग-पुल्लिंग) कतबना; كَتَبْنَا हमने लिखा

माज़ी मजहूल (भूतकाल कर्मवाच्य)

मअ्रूफ़-कर्तृवाच्य (Active Voice) मज्हूल्-कर्मवाच्य (Passive Voice)

यह तो आप को मालूम है कि 'फ़अ़ल' के माने हैं उसने किया, अब अगर इस लफ़्ज़ को 'फुअ़िल' पढ़ेंगे तो मतलब होगा वह किया गया, इसे फ़िअ्ल मज्हूल (कर्मवाच्य) कहा जाता है।

'वह काम करता है' इस वाक्य में 'वह' कर्ता (फ़ाअ़िल) है, 'करता है' क्रिया (फ़िअ्ल) है, और 'काम' कर्म (मफ़्अूल) है।

इसी जुमले को हम अगर यूँ कहें, काम किया जाता है उसके द्वारा (ज़रीये), तो कर्ता यानी 'वह' उलट कर कर्म, और कर्म 'काम' उलट कर कर्ता हो जाता है। जैसेः-

(1) फ़िअ्ल माज़ी मअ्रूफ़-(भूतकाल कर्तृवाच्य) *ख़लक़्तुम्*-तुमने पैदा किया; *क़तल*-उस एक ने क़त्ल किया *जअ़ल्तु*-मैंने बनाया।

(2) फ़िअ्ल माज़ी मज्हूल- (भूतकाल कर्मवाच्य) *खुलिक़्तुम*- तुम पैदा किये गये; *कुतिल*-वह एक क़त्ल किया गया; *जुअ़िल्तु*-मैं बनाया गया।

मश्क़ कीजिये :-

बअ़स	उसने भेजा	बुअ़िस	वह भेजा गया;
बअ़स्तु	मैंने भेजा	बुअ़िस्तु	मैं भेजा गया
रज़क़्ना	हमने रिज़्क़ दिया	रूज़िक़्ना	हम रिज़्क़ दिये गये
रज़क़ू	उन्होंने रिज़्क़ दिया	रूज़िक़ू	वह रिज़्क़ दिये गये

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

'किया था' या 'किया' और 'करता' है तथा 'करेगा'-ये रूप कर्तृवाच्य (मअ्रूफ़) हैं। क्रिया (फ़िअ्ल) के इन्हीं रूपों को यदि क्रमशः 'किया गया था' या 'किया गया, और 'किया जाता है' तथा 'किया जायेगा'-इन शक्लों में बदल दिया जाये तो यह कर्मवाच्य (मज्हूल्) हो जाते हैं। ये दोनों बोलने के ढ़ंग हैं; परंतु दोनों का मतलब एक ही होता है।

नीचे 'फ़अ़ल' और 'कतब' शब्दों के माज़ी (भूतकाल) की गर्दान दे रहे हैं। लिंग, वचन, पुरूष के सभी रूप दिये जा रहे हैं। इन पर क़ाबू पाने के बाद पेज नं. 10 पर दिये शब्दों को याद करके कर्तृवाच्य (मअ्रूफ़) और कर्मवाच्य (मज़हूल्) के वाक्य बनाने की मश्क़ किजिये।

ज़बर, ज़ेर, पेश की तरतीब यानी अकार, इकार, उकार, की मात्राओं को हमेशा ध्यान में रखें। सिर्फ़ ज़रा सी मात्रा की तबदीली में एक लफ़्ज़ के मअ्रूफ़् के बजाये मज्हूल् के मअ्ने होने का भय है। कर्तृवाच्य का कर्मवाच्य बन जायेगा। मज्हूल (कर्मवाच्य) के उदाहरण :-

माज़ी (भूतकाल)

'फ़अ़ल' करना

वचन	पुल्लिंग		अनुवाद
एक वचन	फुअ़िल	فُعِلَ	वह किया गया
द्वि. व.	फुअ़िला	فُعِلَا	वे दो किये गये
बहु व.	फुअ़िलू	فُعِلُوْا	वे सब किये गये
एक वचन	फुअ़िल्त	فُعِلْتَ	तू किया गया
द्वि.व.	फुअ़िल्तुमा	فُعِلْتُمَا	तुम दो किये गये
बहु.व.	फुअ़िल्तुम्	فُعِلْتُمْ	तुम सब किये गये
एक वचन	फुअ़िल्तु	فُعِلْتُ	मैं किया गया या की गई
बहु वचन	फुअ़िल्ना	فُعِلْنَا	हम किये गये या की गईं

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

वचन	स्त्रीलिंग		अनुवाद
एक वचन	फुअ़िलत्	فُعِلَتْ	वह की गई
द्वि. व.	फुअ़िलता	فُعِلَتَا	वे दो की गईं
बहु व.	फुअ़िल्न	فُعِلْنَ	वे सब की गईं
एक वचन	फुअ़िल्ति	فُعِلْتِ	तू की गई
द्वि.व.	फुअ़िल्तुमा	فُعِلْتُمَا	तुम दो की गईं
बहु.व.	फुअ़िल्तुन्न	فُعِلْتُنَّ	तुम सब की गईं

मुतकल्लिम	हाज़िर	ग़ाइब
उत्तम पुरूष	मध्यम पुरूष	अन्य पुरूष

वचन	पुल्लिंग		अनुवाद
एक वचन	कुतिब	كُتِبَ	वह लिखा गया
दि.व.	कुतिबा	كُتِبَا	वे दो लिखे गये
बहु व.	कुतिबू	كُتِبُوا	वे सब लिखे गये
एक वचन	कुतिब्त	كُتِبْتَ	तू लिखा गया
द्वि.व.	कुतिब्तुमा	كُتِبْتُمَا	तुम दो लिखे गये
बहु.व.	कुतिब्तुम्	كُتِبْتُمْ	तुम सब लिखे गये
एक वचन	कुतिब्तु	كُتِبْتُ	मैं लिखा गया या लिखी गई
बहु वचन	कुतिब्ना	كُتِبْنَا	हम लिखे गये या हम लिखी गईं

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

वचन	स्त्रीलिंग		अनुवाद
एक वचन	कुतिबत्	كُتِبَتْ	वह लिखी गई
दि.व.	कुतिब्ता	كُتِبَتَا	वे दो लिखी गईं
बहु व.	कुतिब्न	كُتِبْنَ	वे सब लिखी गईं
एक वचन	कुतिब्ति	كُتِبْتِ	तू लिखी गई
द्वि.व.	कुतिब्तुमा	كُتِبْتُمَا	तुम दो लिखी गईं
बहु.व.	कुतिब्तुन्न	كُتِبْتُنَّ	तुम सब लिखी गई
एक वचन	कुतिब्तु	كُتِبْتُ	मैं लिखा गया /मैं लिखी गई
बहु वचन	कुतिब्ना	كُتِبْنَا	हम लिखे गये /हम लिखी गईं

मुतकल्लिम	हाज़िर	ग़ाइब
उत्तम पुरूष	मध्यम पुरूष	अन्य पुरूष

सबक़ (अध्याय) - 4

फ़िअ्ल् (क्रिया) **Verb** फ़ाअ़िल् (कर्ता) **Subject** मफ़अूल् (कर्म) **Object**

अ़रबी वाक्य में पहले फिअ्ल् (क्रिया) फिर फ़ाअ़िल (कर्ता) और बाद में मफ़अूल् (कर्म) आता है, कर्ता को दो पेश (अुन्) और कर्म को दो ज़बर (अन्) लगाये जाते हैं। जैसे- हमीद ने क़ुर्आन पढ़ा। यह जुमला अरबी में इस तरह होगा।

مفعول	فاعل	فعل
मफ़्अूल्	फ़ाअ़िल्	फ़िअ्ल्
قُرْاٰنًا	حَمِيْدٌ	قَرَأَ
क़ुर्आनन्	हमीदुन्	क़रअ

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

इस जुमले में पढ़ना क्रिया है; हमीद कर्ता है इसलिए कि उसने कुर्आन पढ़ने का फ़िअ़ल् (काम) किया है; क़ुर्आन मफ़ऊल् (कर्म) है इसलिए कि उस पर पढ़ने का कार्य किया गया है।

सबक़ नं. (4) के शब्दों के माने याद कर लीजिये :-

बह्रून्	بَحْرٌ	समुन्दर	क़रअ	قَرَأَ	पढ़ना
माअुन्	مَاءٌ	पानी	कतब	كَتَبَ	लिखना
ख़ल क़	خَلَقَ	पैदा करना	ख़दअ़	خَدَعَ	धोका देना
ज मअ़	جَمَعَ	जमा करना	जअ़ल	جَعَلَ	बनाना
मालुन्	مَالٌ	माल, असबाब	फ़रक़	فَرَقَ	फाड़ना
			अन्ज़ल	أَنْزَلَ	उतारना

كَتَبَ — कतब

اِقْبَالٌ — अिक़बालुन्

كِتَابًا — किताबन्

(अनुवाद) - अिक़बाल ने किताब पढ़ी।

इनका अनुवाद किजिये :-

خَلَقَ اللّٰهُ النَّاسَ
ख़लक़ल्लाहुन्नास

خَدَعَ الشَّيْطَانُ الْإِنْسَانَ
ख़दअ़श्शैतानुल्अिन्सान

جَعَلَ اللّٰهُ مُحَمَّدًا رَسُوْلًا
जअ़लल्लाहु मुह़म्मदन रसूलन्

شَرِبَ طَارِقٌ مَاءً
शरिब त़ारिक़ुन् माअन्

أَنْزَلَ اللّٰهُ كِتَابًا
अन्ज़लल्लाहु किताबन्

فَرَقْنَا الْبَحْرَ
फ़रक़्नल्बह्र

جَمَعَ مَالًا
जमअ़ मालन्

नोट :- 'अल्' के बाद दो पेश (अुन्) के बजाय एक पेश यानी सिर्फ उ की मात्रा रहती है, यह क़ाअ़िदा पहले की तरह इस सबक़ में भी याद रखिये। जैसे आप देख रहे हैं कि 'रसूलन्' पर दो ज़बर हैं तो 'अल्बह्र' पर एक यानी अन् के बजाय सिर्फ अकार। 'तारिक़' पर दो पेश (अुन्) हैं तो 'अश्शैतानु' पर एक पेश यानी ''उ'' की मात्रा, यह वजह है 'अल्' के लगने की।

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

सबक़ (अध्याय) - 5

हुरूफ़ि जार् (सम्बन्धसूचक अव्यय)- Preposition

हुरूफ़ि जार्	अनुवाद		इस्तेमाल का तरीक़ा	अनुवाद
فِي	फ़ी	में, बीच	फ़ी बैतिन्	घर में
مِنْ	मिन्	से	क़रअ्ना मिनल् क़ुर्आनि	पढ़ा हमने क़ुर्आन में से
عَلٰى	अ़ला	ऊपर	अ़ला जबलिन्	ऊपर पहाड़ के
كَ	क	मिस्ल, मानिंद	क रजुलिन्	मर्द के जैसा, मानिन्द
عَنْ	अ़न्	मुतअ़ल्लिक़	समिअ्तु अ़निस़्स़लाति फ़िल्मस्जिदि	सुना मैंने नमाज़ के मुतअ़ल्लिक़ मस्जिद में
بِ	ब	साथ	दख़ल्तु बिसलामिन्	दाख़िल हुआ मैं सलाम के साथ
لِ	ल	लिए	लिन्नासि	लिए लोगों के
اِلٰى	अिला	तरफ़	अिला बलदिन्	तरफ़ शहर के
حَتّٰى	हत्ता	यहाँ तक	हत्ता अिज़ा बलग़	यहाँ तक कि पहुँचा वह
وَ	व	क़सम	वल्लाहि	क़सम अल्लाह की

नोट :-

1. इनका इस्तेमाल सि़ला (एक शब्द का दूसरे से सम्बन्ध बताने) के तौर पर होता है।
2. और यह हुरूफ़ि जार जब किसी लफ़्ज़ के पहले आते हैं तो उसके आख़िरी ह्रफ़ को दो ज़ेर यानी (इन्) लगा देते हैं। ऊपर के ख़ाने में देखिये, तमाम अल्फ़ाज के आख़िरी ह्रफ़ के नीचे ज़ेर (ِ) या इन् लगा हुआ है।
3. जहाँ 'अल्' का इस्तेमाल होता है वहाँ एक ज़ेर (ِ) और बाक़ी मक़ामात पर दो ज़ेर (यानी अिन्)।

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

तर्जुमा कीजिये :–

مِنَ الْكُفْرِ اِلَى الْاِسْلَامِ ، مِنَ الْبَيْتِ اِلَى الْمَسْجِدِ

मिनल्कुफ़्रि अिलल्अिस्लामि मिनल् बैति अिलल्मस्जिदि

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ ، بِالْوَالِدَيْنِ اِحْسَانًا ، كَتَبْتُ بِالْقَلَمِ ، مَتَاعٌ اِلٰى حِيْنٍ

मताअुन् अिला ह़ीनिन, कतब्तु बिल्क़लमि, बिल्वालिदैनि अिह्सानन, अलहम्दुलिल्लाहि

عَلٰى اَبْصَارِهِمْ غِشَاوَةٌ ، اٰمَنَّا بِاللّٰهِ ، نَزَّلْنَا عَلٰى عَبْدِنَا ، هٰذَا بَيَانٌ لِلنَّاسِ

हाज़ा बयानुन् लिन्नासि, नज्ज़ल्ना अ़ला अ़ब्दिना, आमन्ना बिल्लाहि, अ़ला अब्सारिहिम् ग़िशावतुन्

इनकी अ़रबी बनायें :-

क़ुर्आन में हिदायत है लोगों के लिए; मैंने आदमी को देखा मस्जिद पर; अ़िल्म का तलब करना फ़र्ज़ है ऊपर तमाम मुस्लिम मर्द और मुस्लिम औ़रत के।

सबक़ - 5 के सम्बन्ध में ये शब्द याद कीजिये :-

अब्सारून्	اَبْصَارٌ	आँखें	हम्दुन्	حَمْدٌ	तारीफ
ग़िशावतुन्	غِشَاوَةٌ	पर्दा	वालिदैनि	وَالِدَيْنِ	माँ बाप
बयानुन्	بَيَانٌ	बयान	अिह्सानन्	اِحْسَانًا	अच्छा सुलूक
अन्नासु	اَلنَّاسُ	लोग	मताअुन्	مَتَاعٌ	फ़ायदा
हुम्	هُمْ	उनका, उनको	ह़ीनुन्	حِيْنٌ	वक़्त
फ़रीज़तुन	فَرِيْضَةٌ	फ़र्ज	हुदन्	هُدًى	हिदायत
मुस्लिमुन्	مُسْلِمٌ	मुस्लिम मर्द	रआ	رَاٰى	देखना
मुस्लिमतुन्	مُسْلِمَةٌ	मुस्लिम औ़रत	रजुलुन्	رَجُلٌ	आदमी
कुल्लुन्	كُلٌّ	तमाम (कुल)	त़लबुन्	طَلَبٌ	तलब करना
आमन	اٰمَنَ	ईमान लाया			

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

इस सबक़ में आप पढ़ चुके हैं कि मुसलमान मर्द के लिए 'मुस्लिमुन्' और मुसलमान औ़रत के लिए 'मुस्लिमतुन्' इस्तेमाल किया गया है। अ़रबी ज़बान में वाहिद् (एक वचन), तस्निया (द्वि. वचन), और जमअ़ (बहु वचन) की एक ख़ास तरतीब भी है जिसको समझना ज़रूरी है। नीचे उसे दर्ज किया जा रहा है उसी के अनुसार दूसरे अल्फ़ाज भी बना कर देखिये।

	बहु वचन(जमअ़)	द्वि० वचन(तस्निया)	एक वचन(वाहिद)
	सब मुस्लिम	दो मुस्लिम	एक मुसलिम
	مُسْلِمُوْنَ	مُسْلِمَانِ	مُسْلِمٌ
पेश की सूरत(उकार)	मुस्लिमून	मुस्लिमानि	मुस्लिमुन्
	مُسْلِمِيْنَ	مُسْلِمَيْنِ	مُسْلِمًا
ज़बर की सूरत(अकार)	मुस्लिमीन	मुस्लिमैनि	मुस्लिमन्
	مُسْلِمِيْنَ	مُسْلِمَيْنِ	مُسْلِمٍ
ज़ेर की सूरत(इकार)	मुस्लिमीन	मुस्लिमैनि	मुस्लिमिन्

ऊपर के शब्दों में देखने पर कोई ख़ास फ़र्क़ महसूस नहीं होता, लेकिन यह बात आप को मालूम होगी कि फाअ़िल (कर्ता) और मफ़्अूल (कर्म) की हालत में अल्फ़ाज़ पर क्रमशः पेश (उकार) व ज़बर (अकार) रखे जाते हैं। फ़ाअ़िली (कर्ता की) हालत में 'ज़ैदुन्' मफ़अूली (कर्म की) हालत में 'ज़ैदन्'। इ, उ, और अ की मात्रा (या शक्ल) के अन्तर से ही माने में बड़ा फ़र्क़ आ जाता है।

इस तरह हरफ़ जार (प्रिपोज़ीशन) भी किसी लफ़्ज़ के पहले आकर उस लफ़्ज़ के आख़िरी हर्फ़ को ज़ेर (इकार) कर देता है। मिसाल के तौर पर :

عَلٰى مُسْلِمٍ

अ़ला मुस्लिमिन्

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

सबक़ (अध्याय) - 6

ज़मीर (सर्वनाम) - Pronoun

ज़मीर	अनुवाद	इस्तेमाल (प्रयोग) का तरीक़ा
هُ	हु	उस एक मर्द का, की
هُمَا	हुमा	उन दो मर्दों का या उन दो औरतों का
هُمْ	हुम	उन सब मर्दों का
هَا	हा	उस एक औरत का
هُنَّ	हुन्न	उन सब औरतों का
كَ	क	तेरा, तुझको (पुल्लिंग)
كُمَا	कुमा	तुम दोनों मर्दों का
كُمْ	कुम्	तुम सब मर्दों का
كِ	कि	तू एक औरत का
كُنَّ	कुन्न	तुम सब औरतों का
ى	य	मेरा
نِى	नी	मुझे, मुझको
نَا	ना	हमारा-हमको
كِتَابُهُ	किताबुहू	उसकी किताब
بَيْتُهُمَا	बैतुहुमा	उन दोनों का घर (या उन दो औरतों का)
اِيْمَانُهُمْ	ईमानुहुम्	उनका ईमान
اُمُّهَا	अुम्मुहा	उस (एक औरत) की माँ
بَيْتُهُنَّ	बैतुहुन्न	उन (सब औरतों) का घर
كِتَابُكَ	किताबुक	तेरी किताब
بَيْتُكُمَا	बैतुकुमा	तुम दोनों का घर (या तुम दो औरतों का)
رَسُوْلُكُمْ	रसूलुकुम	तुम्हारा रसूल
بَيْتُكِ	बैतुकि	तू एक (औरत) का घर
بَيْتُكُنَّ	बैतुकुन्न	तुम सब (औरतों) का घर
رَبِّى	रब्बी	मेरा रब
رَزَقَنِى	रज़क़नी	रिज़्क़ दिया उसने मुझे
كِتَابُنَا	किताबुना	हमारी किताब

इस तरह वाक्य बना कर अभ्यास कीजिये। चन्द जुमलों का अनुवाद उदाहरण के लिए दिया जाता है :-

اِلَيْنَا	مِنْكَ	نَصَرْتُهُ
अिलैना - हमारी तरफ़	मिन्क - तुझसे	नसर्तुहू-मदद दी मैं ने उस को

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

لَنَا　　إِلَيْهِمْ　　إِلَيَّ

लना-लिए हमारे (हमको)　　अिलैहिम् - उनकी तरफ　　अिल्य्य-मेरी तरफ

لِسَانُكُمْ　　اِبْنِيْ　　اِنَّنَا

लिसानुकुम् - तुम्हारी ज़बान　　अिब्नी - मेरा बेटा　　अिन्नना-बेशक हम

اِلَيْكُمْ　　لَهُ　　اِنَّكُمْ

अिलैकुम्-तुम्हारी तरफ़　　लहु - लिए उसके　　अिन्नकुम्-बेशक तुम

तर्जुमा (अनुवाद) कीजिये :-

سَمْعُكُمْ، رَبُّكُمْ، دُكَّانُنَا، بَيْتُنَا، رَسُوْلُنَا، قَوْمُنَا، مِلَّتُكُمْ

मिल्लतुकुम्, क़ौमुना, रसूलुना, बैतुना, दुक्कानुना, रब्बुकुम्, सम्अुकुम

اَصْحَابُنَا مِنْكَ مِنْكِ لَهُمَا اِمَامُكُمْ اَهْلِيْ

अह्ली, अिमामुकुम्, लहुमा, मिन्कि, मिन् क, असहाबुना

خَلَقَ لَكُمْ مَا فِي الْاَرْضِ جَمِيْعًا. وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ. لَهُمْ اَجْرُهُمْ عِنْدَ رَبِّهِمْ

लहुम् अज्रुहुम्अिन्द रब्बिहिम्,व लक़द् नसरकुमुल्लाहु,ख़लक़ लकुम् मा फ़िल्अर्ज़ि जमीअ़न्

इन शब्दों को याद कर लीजिये :-

समिअ़	سَمِعَ	सुनना	अिनद्	عِنْدَ	नज़दीक़
मिल्लत्	مِلَّتُ	दीन	रब्बुन्	رَبُّ	पालने वाला

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

लक़द्	لَقَدْ	अल्बत्ता	अहलुन्	أَهْلٌ	घर वाले
अिन्न	إِنَّ	बेशक	असहाबुन	أَصْحَابٌ	साथी (बहु. व.)
दुक्कान	دُكَّانٌ	दुकान	व	و	और
जमीअ़न्	جَمِيعًا	सब	ल	ل	अल्बत्ता, के, लिये
अज्रून	أَجْرٌ	बदला,अज्र			

सबक़ *(अध्याय)* नं. - 7

फ़ाअ़िली ज़मीरें (कर्ता - सर्वनाम)

इन फ़ाअ़िली ज़मीरों को अच्छी तरह याद कर लीजिये। आइन्दा इस्तेमाल के मौक़े आयेंगे :-

हुव	هُوَ	वह एक मर्द
हुमा	هُمَا	वह दो मर्द, वह दो औ़रतें
हुम्	هُمْ	वह सब मर्द
हि य	هِيَ	वह एक औ़रत
हुन्न	هُنَّ	वह सब औ़रतें
अन्ता	أَنْتَ	तू एक मर्द
अन्तुमा	أَنْتُمَا	तुम दो मर्द या दो औ़रतें
अन्तुम्	أَنْتُمْ	तुम सब मर्द
अन्ति	أَنْتِ	तू एक औरत
अन्तुन्न	أَنْتُنَّ	तुम सब औरतें
अना	أَنَا	मैं एक मर्द या औ़रत
नह्नु	نَحْنُ	हम सब (पु. और स्त्री.)

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

इस्तेमाल का तरीक़ा :-

أَنَا عَبْدٌ	أَنْتَ عَالِمٌ	هُوَ مُسْلِمٌ
अना अ़ब्दुन्	अन् त आ़लिमुन्	हुव मुस्लिमुन्
मैं बन्दा हूँ	तू आ़लिम है	वह मुस्लिम है

सबक़ (अध्याय) नं. - 8

मुज़ारिअ़ (वर्तमान-भविष्य)

अध्याय नं. 3 में क्रिया ''फ़ अ़ ल'' 'कतब' के माज़ी (भुतकाल) के रूप लिंग, वचन और पुरूष के मुताबिक़ दिये गये थे। अब इस अध्याय में इन्हीं क्रिया-शब्दों के वर्तमान तथा भविष्य काल के रूप दिये जा रहे हैं। अ़रबी में ज़माना हाल (वर्तमान काल) और ज़माना मुस्तक़्बिल (भविष्यकाल) के रूप एक ही होते हैं। वह करता है और वह करेगा, दोनों के लिए 'यफ़्अ़लु' लिखा जायेगा। अब अध्याय नं. 3 में दिये हुए क़रअ, नस़र, त़लब आदि अ़रबी क्रिया शब्दों के वर्तमान, भूत और भविष्य तीनों कालों में स्त्रीलिंग, पुल्लिग, एकवचन, द्विवचन और बहुवचन व अन्य पुरूष, मध्यम पुरूष और उत्तम पुरूष में रूप बनाइये।

ज़माना हाल - वर्तमान काल और ज़माना मुस्तक़्बिल-भविष्य काल

	फ़अ़ल	पुल्लिंग
يَفْعَلُ	यफ़्अ़लु	वह करता है, करेगा
يَفْعَلَانِ	यफ़्अ़लानि	वे दो करते हैं, करेंगे
يَفْعَلُونَ	यफ़्अ़लून	वे सब करते हैं, करेंगे
تَفْعَلُ	तफ़्अ़लु	तू एक करता है, करेगा

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

تَفْعَلَانِ	तफ्अ़लानि	तुम दो करते हो, करोगे
تَفْعَلُوْنَ	तफ्अ़लून	तुम सब करते हो, करोगे

फ़अ़ल	स्त्रीलिंग

يَفْعَلْنَ	यफ्अ़ल्न	वे सब करती हैं, करेंगी
تَفْعَلِيْنَ	तफ्अ़लीन	तू एक करती है, करेगी
تَفْعَلْنَ	तफ्अ़ल्न	तुम सब करती हो, करोगी
اَفْعَلُ	अफ्अ़लु	मैं करता हूँ, करूँगा, मैं करती हूँ, करूँगी
نَفْعَلُ	नफ्अ़लु	हम (लोग) करते हैं, करेंगे हम (लोग) करती हैं, करेंगी

वचन	कतब		पुल्लिंग
ए. व.	यक्तुबु	يَكْتُبُ	वह लिखता है, लिखेगा
द्वि. व.	यक्तुबानि	يَكْتُبَانِ	वे दो लिखते हैं, लिखेंगे
बहु व.	यक्तुबून	يَكْتُبُوْنَ	वे सब लिखते हैं, लिखेंगे
ए. व.	तक्तुबु	تَكْتُبُ	तू एक लिखता है, लिखेगा
द्वि. व.	तक्तुबानि	تَكْتُبَانِ	तुम दो लिखते हो, लिखोगे
बहु व.	तक्तुबून	تَكْتُبُوْنَ	तुम सब लिखते हो, लिखोगे
ए. व.	अक्तुबु	اَكْتُبُ	मैं लिखता हूँ, लिखूँगा
बहु व.	नक्तुबु	نَكْتُبُ	हम लोग लिखते हैं, लिखेंगे

वचन	कतब		स्त्रीलिंग
ए. व.	तक्तुबु	تَكْتُبُ	वह लिखती है, लिखेगी
द्वि. व.	तक्तुबानि	تَكْتُبَانِ	वे दो लिखती हैं, लिखेंगी

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

बहु. व.	यक्तुब्न	يَكْتُبْنَ	वे सब लिखती हैं, लिखेंगी
ए. व.	तक्तुबीन	تَكْتُبِيْنَ	तू एक लिखती है, लिखेगी
द्वि. व.	तक्तुबानि	تَكْتُبَانِ	तुम दो लिखती हो, लिखोगी
बहु व.	तक्तुब्न	تَكْتُبْنَ	तुम सब लिखती हो, लिखोगी
ए. व.	अक्तुबु	اَكْتُبُ	मैं लिखती हूँ, लिखूँगी
बहु व.	नक्तुबु	نَكْتُبُ	हम लोग लिखती हैं, लिखेंगी

ज़माना हाल (वर्तमान काल) व मुस्तक़्बिल् (भविष्य काल) के अ़रबी में एक ही रूप बनते हैं और इनको 'मुज़ारिअ़' कहते हैं। *''फ़ अ़ ल'' और ''क त ब''* से मुज़ारिअ़ की जो गरदान ऊपर दिये गये हैं, उनको अच्छी तरह याद कीजिये। जिस क़दर याद होंगे उसी क़दर आपकी हिम्मत अ़रबी सीखने में बढ़ेगी। यह तमाम गरदान ''फ़ अ़ ल'' व ''क त ब'' पर बताई गयी हैं। अधिक अभ्यास के लिए दूसरे-दूसरे अल्फ़ाज को ''फ़ अ़ ल'' की जगह रखकर तर्जुमा कीजिये। हर लफ़्ज़ का वज़न भी मालूम कीजिये कि यह किस वज़न पर है ? स्थान कम होने से सिर्फ़ कुछ मिसालें दी जा रही हैं :-

यज्मअ़ु	يَجْمَعُ	वह जमा करता है	यफ्तहु	يَفْتَحُ	वह खोलता है
अज्मअ़ु	اَجْمَعُ	मैं जमा करता हूँ	अश्रबु	اَشْرَبُ	मैं पीता हूँ
यक्रहून	يَكْرَهُوْنَ	वे (सब) नापसन्द करते हैं	यस्मअ़ून	يَسْمَعُوْنَ	वे (सब) सुनते हैं
यश्रबु	يَشْرَبُ	वह पीता है	यफ्अ़लु	يَفْعَلُ	वह करता है
अफ्तहु	اَفْتَحُ	मैं खोलता हूँ	अफ्अ़लु	اَفْعَلُ	मैं करता हूँ

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

यज्अ़लून يَجْعَلُوْنَ वे (सब) बनाते हैं यफ्अ़लून يَفْعَلُوْنَ वे (सब) करते हैं

ऊपर की मिसालों को सामने रखकर नीचे लिखे शब्दों का अनुवाद कीजिये :-

يَشْكُرُوْنَ، يَكْفُرُوْنَ، يَتْلُوْنَ، تَتْلُوْنَ، يَعْلَمُوْنَ، هُوَ يَكْتُبُ كِتَابًا

हुव यक्तुबु-किताबन्, यअ्लमू न, तत्लू न, यत्लू न, यक्फ़ुरू न, यश्कुरू न

يَقْرَءُوْنَ الْقُرْاٰنَ، نَعْبُدُ، اَعْبُدُ، لَا نَسْمَعُ، لَا اَكْفُرُ، لَا يَعْلَمُوْنَ، اَعْلَمُ

अअ्लमु, ला यअ्लमू न, ला अक्फ़ुरू, ला नस्मअु, अअ्बुदु, नअ्बुदु, यक्रअूनल्क़ुर्आ न,

يَعْمَهُوْنَ تَعْلَمُ

यअ्महून तअ्लमु,

मुज़ारिअ़ (वर्तमान-भविष्यकाल) मजहूल (कर्मवाच्य)

ग़ाइब
अन्य पुरुष

एक. व.	पुल्लिंग	युफ़्अ़लु	يُفْعَلُ	वह किया जाता है, किया जायेगा
द्वि. व.		युफ़्अ़लानि	يُفْعَلَانِ	वे दो किये जाते हैं, किये जायेंगे
बहु व.		युफ़्अ़लून	يُفْعَلُوْنَ	वे सब किये जाते हैं, किये जायेंगे
ए. व.	स्त्रीलिंग	तुफ़्अ़लु	تُفْعَلُ	वह की जाती है, की जायेगी
दि. व.		तुफ़्अ़लानि	تُفْعَلَانِ	वे दो की जाती हैं, की जायेंगी
बहु. व.		युफ़्अ़ल्न	يُفْعَلْنَ	वे सब की जाती हैं, की जायेंगी

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

हाज़िर
मध्यम पुरूष

एक. व.	पुल्लिंग	तुफ़अ़लु	تُفْعَلُ	तू किया जाता है, किया जायेगा
द्वि. व.		तुफ़अ़लानि	تُفْعَلَانِ	तुम दो किये जाते हो, किये जाओगे
बहु. व.		तुफ़अ़लून	تُفْعَلُوْنَ	तुम सब किये जाते हो, किये जाओगे
एक. व.	स्त्रीलिंग	तुफ़अ़लीन	تُفْعَلِيْنَ	तू की जाती है, की जायेगी
द्वि. व.		तुफ़अ़लानि	تُفْعَلَانِ	तुम दो की जाती हो, की जाओगी
बह. व.		तुफ़अ़ल्न	تُفْعَلْنَ	तुम सब की जाती हो, की जाओगी

मुतकल्लिम
उत्तम पुरूष

एक. व.	पुल्लिंग	अुफ़अ़लु	أُفْعَلُ	मैं किया जाता हूँ, किया जाऊँगा
द्वि. बहु. व.		नुफ़अ़लु	نُفْعَلُ	हम किये जाते हैं, किये जायँगे
एक. व.	स्त्रीलिंग	अुफ़अ़लु	أُفْعَلُ	मैं की जाती हूँ, की जाऊँगी
द्वि. बहु. व.		नुफ़अ़लु	نُفْعَلُ	हम की जाती हैं कि जायेंगी

ग़ाइब
अन्य पुरूष

एक. व.	पुल्लिंग	युक्तबु	يُكْتَبُ	वह लिखा जाता है, लिखा जायेगा
द्वि. व.		युक्तबानि	يُكْتَبَانِ	वे दो लिखे जाते हैं, लिखे जायेंगे
बहु. व.		युक्तबून	يُكْتَبُوْنَ	वे सब लिखे जाते हैं, लिखे जायेंगे
एक. व.	स्त्रीलिंग	तुक्तबु	تُكْتَبُ	वह लिखी जाती है, लिखी जायेगी
द्वि. व.		तुक्तबानि	تُكْتَبَانِ	वे दो लिखी जाती हैं, लिखी जायेंगी
बहु वचन		युक्तब्न	يُكْتَبْنَ	वे सब लिखी जाती हैं, लिखी जायेगीं

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

हाज़िर
मध्यम पुरूष

एक. व.	पुल्लिंग	तुक्तबु	تُكْتَبُ	तू लिखा जाता है, लिखा जायेगा
द्वि. व.		तुक्तबानि	تُكْتَبَانِ	तुम दो लिखे जाते हो, लिखे जाओगे
बहु वचन		तुक्तबून	تُكْتَبُوْنَ	तुम सब लिखे जाते हो, लिखे जाओगे
एक. व.	स्त्रीलिंग	तुक्तबीन	تُكْتَبِيْنَ	तू लिखी जाती है, लिखी जायेगी
द्वि. व.		तुक्तबानि	تُكْتَبَانِ	तुम दो लिखी जाती हो, लिखी जाओगी
बहु. व.		तुक्तब्न	تُكْتَبْنَ	तुम सब लिखी जाती हो, लिखी जाओगी

मुतकल्लिम
उत्तम पुरूष

एक. व.	पुल्लिंग	अुक्तबु	أُكْتَبُ	मैं लिखा जाता हूँ, लिखा जाऊँगा
द्वि. बहु. व.		नुक्तबु	نُكْتَبُ	हम लिखे जाते हैं, लिखे जाएंगे
एक. व.	स्त्रीलिंग	अुक्तबु	أُكْتَبُ	मैं लिखी जाती हूँ, लिखी जाऊँगी
द्वि. व. बहु. व.		नुक्तबु	نُكْتَبُ	हम लिखी जाती हैं, लिखी जायेंगी

नोट :- ऊपर लिखे ''फ़अ़ल'' व ''कतब'' के भूतकाल व वर्तमान-भविष्यकाल के कर्मवाच्य वाक्यों में ग़ौर कीजिये कि उत्तम पुरूष (मुतकल्लिम्) में औरत और मर्द, एक वचन, द्वि. वचन और बहु वचन के लिए एक ही रूप बनता है।

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

सबक़ (अध्याय) - 9

आज्ञाकाल (अम्र) - Imperative Mood
और नकारात्मक (नहीं) प्रयोग - Negative

अिफ़्अ़ल्	اِفْعَلْ	तू (एक मर्द) कर
अिफ़्अ़ला	اِفْعَلَا	तुम(दो मर्द) या (दो औ़रतें) करो
अिफ़्अ़लू	اِفْعَلُوْا	तुम (सब मर्द) करो
अिफ़्अ़ली	اِفْعَلِىْ	तू (एक औ़रत) कर
अिफ़्अ़ल्न	اِفْعَلْنَ	तुम (सब औ़रतें) करो
ला तफ़्अ़ल्	لَاتَفْعَلْ	तू (एक मर्द) मत कर
ला तफ़्अ़ला	لَاتَفْعَلَا	तुम (दो मर्द या दो औ़रतें) मत करो
ला तफ़्अ़लू	لَاتَفْعَلُوْا	तुम (सब मर्द) मत करो
ला तफ़्अ़ली	لَاتَفْعَلِىْ	तू (एक औ़रत) न कर
ला तफ़्अ़ल्न	لَاتَفْعَلْنَ	तुम (सब औ़रतें) न करो

ऊपर दी हुई गरदानें (रूप) किसी काम के करने के लिए कहना या किसी काम को मना करने के माने बता रही हैं।

इस्तेमाल का तरीक़ा (प्रयोगविधि)

ला तज़्हब्	لَاتَذْهَبْ	तू मत जा	अिज़्हब्	اِذْهَبْ	तू जा
ला तस्मअू	لَاتَسْمَعُوْا	तुम मत सुनो	अिअ़मलू	اِعْمَلُوْا	तुम अ़मल करो
ला तह्ज़न	لَاتَحْزَنْ	तू ग़म मत कर	अिअ़लमू	اِعْلَمُوْا	तुम जानो
ला तज्अ़ल्	لَاتَجْعَلْ	तू मत बना	ला तफ़्अ़ल्	لَاتَفْعَلْ	तू मत कर
अिश्रह्	اِشْرَحْ	तू खोल	अिफ़्अ़ल्	اِفْعَلْ	तू कर
ला तफ़र्रक़ू	لَاتَفَرَّقُوْا	तुम मत तफ़रक़ा करो	ला तफ़्अ़लू	لَاتَفْعَلُوْا	तुम मत करो

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

तर्जुमा कीजिये : -

لَا تَقْرَبَا ، لَا تَسْأَلْنِيْ ، اِشْرَحْ لِيْ ، اِشْرَبُوْا ، وَاسْمَعُوْا

वस्मऊ , अिश्रबू, अिश्रह् ली, ला तस्अल्नी, ला तक्रबा,

وَلِلْكٰفِرِيْنَ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ، اِرْكَبُوْا

अिर्कबू व लिल्काफ़िरीन अ़जाबुन् अलीमुन्

सबक़ - 9 के शब्द याद कर लें

अ़ म ल	عَمِلَ	अ़मल करना, काम करना
अ़ ले म	عَلِمَ	जानना
श र ह	شَرَحَ	खोलना, कुशादा करना
फ़ र क़	فَرَقَ	तफ़रक़ा डालना
क़ र ब	قَرَبَ	क़रीब होना
स अ ल	سَأَلَ	पूछना, सवाल करना
शरि ब	شَرِبَ	पीना
अ़ज़ाबुन् अलीमुन्	عَذَابٌ اَلِيْمٌ	दर्दनाक अ़ज़ाब
र के ब	رَكِبَ	सवार होना

नोट :- आरम्भिक (इब्तिदाई) व्याकरण (ग्रामर) का बयान ख़त्म हुआ। किसी आ़लिम से थोड़ी सी भी मदद लेकर मश्क़ करेंगे तो बड़ी आसानी से समझ में आ जाएगा।

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

क़ौरानिक कोश (पठन क्रम)

तिलावत के सिलसिले से

अऊ़ज़ु बिल्लाहि मिनश्शैत़ानिर्रजीम

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम

سُوْرَةُ الْفَاتِحَة

1: सूरह अल फ़ातिहा

1	औ़जुन्	عَوْذٌ (ع و ذ)	पनाह माँगना
2	अऊ़ज़ु	اَعُوْذُ	मैं पनाह माँगता हूँ
3	बि	بِ	साथ
4	मिन्	مِنْ	से
5	रजीम	رَجِيْمٌ (ر ج م)	लअ़नत किया गया
6	अिस्म	اِسْمٌ	नाम
7	अर्रह्मानु	اَلرَّحْمَانُ	बड़ा मेहरबान
8	अर्रहीम	اَلرَّحِيْمُ (ر ح م)	ख़ूब रह्म करनेवाला
9	अलहम्दु	اَلْحَمْدُ (ح م د)	तारीफ़ हर क़िस्म की
10	लि	لِ	लिए
11	रब्बिल्-आ़लमीन	رَبِّ الْعَالَمِيْنَ	पालनेवाला तमाम जहानों का (सर्वजगत, प्रतिपालक)
12	मालिकि	مَالِكِ (م ل ك)	मालिक
13	यौम	يَوْمُ	दिन (Day)
14	अद्दीन	اَلدِّيْنُ	इन्साफ़ Judgement

https://archive.org/details/muthulakshmiacademy

Public Domain. Muthulakshmi Research Academy. Funded by IKS-MoE

15	अिय्या क	اِيَّاكَ	तेरी ही, सिर्फ़ तुझे
16	नअ़बुदु	نَعْبُدُ (ع ب د)	हम अिबादत करते हैं
17	नस् त अ़ीन्	نَسْتَعِيْنُ	हम मदद (सहायता) चाहते हैं
18	अिस्तआ़न	اِسْتَعَانَ (ع و ن)	मदद चाही
19	अिह्दि	اِهْدِ (ه د ي)	हिदायत दे
20	ना	نَا	हमको, (हमारा)
21	सि़रात़	صِرَاطَ	रास्ता
22	मुस्तक़ीम	مُسْتَقِيْمَ	सीधा, मज़बूत
23	अल्लज़ी न	اَلَّذِيْنَ	वह लोग, उन लोगों का (जिन पर)
